श्री आर. एस. शर्मा साहब
अध्यक्ष, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन
जवाहर लाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड)
नई दिल्ली - ११०००२

विषय - IUC शुल्क हटाने के सम्बन्ध में !!

महोदय

सविनय निवेदन है कि आपके संस्थान की दया से टीवी / DTH के शुल्क में पहले से ही की गयी काफ़ी वृद्धि देश वासियों पर थोपी जा रही है। आपके संस्थान के समर्थन (ट्राई के टैरिफ प्लान) से टीवी / DTH के शुल्क में तीन माह में ही इतनी वृद्धि हुई है जितनी टीवी / DTH संगठन अपने बल बूते पर पांच वर्षों में भी नहीं कर पाते।

ज्ञात सूत्रों के अनुसार अब आप हमसे (जनता से) IUC शुल्क भी वापस वसूलने की योजना बना रहे हैं अगर हम अपने ऑपरेटर के अलावा किसी और ऑपरेटर को कॉल करें तो। हमें आशा थी कि नयी तकनीक 4G / 5G के आने से सभी प्रकार के शुल्क कम होंगे पर हमारी आशाओं के विपरीत अन्य ऑपरेटर पर कॉल करने पर शुल्क लगाने की योजना वापस बनायी जा रही है। समझ से परे है कि न जाने किन परिस्थितियों में आपको IUC शुल्क वापस लगाने का निर्णय लेना पड़ रहा है जिसे नयी तकनीक के सन्दर्भ में पूर्व में आपने ही स्वतः हटा दिया था।

हमें आपके विवेक पर पूरा भरोसा है और हम आशा करते हैं कि आप अपने इस निर्णय पर पुनः विचार करेंगे और IUC को जनता के हित में हमेशा के लिए समाप्त करेंगे।

सधन्यवाद !

आपका

मुरारी चतुर्वेदी

~~आपका~~
मुरारी चतुर्वेदी
९०, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर
जयपुर – ३०२०१६
फ़ोन – ९८२८११९५३५